कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, अम्बिकापुर
जिला–सरगुजा (छ0ग0) 497001

फोन / फैक्स 07774–220609 E-mail principalgpas@gmail.com

क्र. / 1437 / शा.पॉ.अ. / भण्डार / 2026 अम्बिकापुर, दिनांक 14 / 10 / 2026

/ / वाहन विक्रय हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रण सूचना / /

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के उपयोग में रहे निम्नलिखित शासकीय वाहन को "जैसा है जहां है" (As is whrer is basis) की स्थिति में सरकारी नियमानुसार नीलामी / की जानी है। इसके लिए इच्छुक व्यक्तियों / फर्मों से सीलबंद लिफाफे में भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रित किये जाते हैं :

वाहन का विवरण –

क्र.	वाहन का नाम	रजिस्ट्रेशन नंबर	मॉडल वर्ष	आरक्षित मूल्य
1	महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा (डीजल)	CG-02-0896	1992	21,500/-

महत्वपूर्ण शर्तें व तिथियां :

वाहन निरीक्षण की तिथि : इच्छुक व्यक्ति दिनांक 16.10.2026 से 30.10.2026 तक कार्यालयीन समय (सुबह 10:00 से शाम 05:00 बजे तक शासकीय अवकाश को छोड़कर) में कार्यालय परिसर में आकर वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं।

भाव पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 30.10.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक।

भाव पत्र खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.10.2026 शाम 04:00 बजे कार्यालय सभागार।

नियम एवं शर्तें –

1. **धरोहर राशि (EMD)** : इच्छुक बोलीदाता को रू. 5000 / – की धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट जो कि "प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक अम्बिकापुर" के पक्ष में देय हो, भाव पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। नकद राशि स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. **निरीक्षण** : वाहन को कार्यालयीन समय में संस्था परिसर में देखा जा सकता है। बाद में वाहन की स्थिति को लेकर कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. **सीलबंद लिफाफा** : भाव पत्र पूर्ण रूप से भरकर एक सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा, जिसके उपर स्पष्ट अक्षरों में " अपलेखन योग्य वाहन क्रमांक CG-02-0896 की नीलामी हेतु भाव पत्र " लिखा होना चाहिए।
4. **अंतिम भुगतान** : उच्चतम बोलीदाता (H-1) को स्वीकृति मिलने के 3 कार्य दिवसों के भीतर पूरी राशि कार्यालय में जमा करनी होगी। इसके बाद ही वाहन सौंपने की प्रक्रिया की जाएगी।
5. **अधिकार सुरक्षित** : सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी भाव पत्रों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(आर.जे. पाण्डेय)
प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक, अम्बिकापुर
सरगुजा (छ.ग.)

GPA/Steno/Order/2026